लगा है मेला ये श्याम बाबा का

लगा है मेला ये श्याम बाबा का,
हुआ दीवाना देखो ये संसार बाबा का,
लगा है मेला ये श्याम बाबा का,

रंग बिरंगा चोला तेरा सूरत तेरी प्यारी प्यारी,
नीले की असवारी तेरी लग ती बड़ी प्यारी,
भक्तो ने मिल कर के किया श्रृंगार बाबा का,
लगा है मेला ये श्याम बाबा का,

चाँद के जैसा चेहरा तेरा गल फूलो की माला,
देख देख के रूप तेरा हुआ है जग मत वाला,
रंग बिरंगे फूलो का हार बाबा का,
लगा है मेला ये श्याम बाबा का,

शीश का दानी कहते तुझको कहते खाटू वाला,
दसो दिशाओं में बाबा तू भगतो का रखवाला,
हम सब को भी करना है दीदार बाबा का,
लगा है मेला ये श्याम बाबा का,

खाटू में है धाम तेरा तू सब के कष्ट निवारे,
राकेश गर्ग के बाबा जी तू कर दे वारे न्यारे,
खाटू में है धाम तेरा तू सब के कष्ट निवारे,
टूना मित्तल के भी करदे बाबा वारे न्यारे,
पंकज सांवरिया करता गुण गान बाबा का,
लगा है मेला ये श्याम बाबा का,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/8431/title/lga-hai-mela-ye-shyam-baba-ka-huya-deewana-dekho-ye-sansar-baba-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |